सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की प्रवेश–सूचना शैक्षणिक वर्ष–2022–2023

एतद्द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2022–23 के प्रवेशार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की प्रवेश–समिति की बैठक दिनांक 23.08.2022 के निर्णयानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण किया जायेगा। शास्त्री प्रथम सेमेस्टर सत्र– 2022–2025 शास्त्री द्वितीय खण्ड, शास्त्री तृतीय खण्ड, शैक्षणिक वर्ष 2022–23 आचार्य प्रथम सेमेस्टर सत्र 2022–24 एवं आचार्य तृतीय सेमेस्टर सत्र 2021–23 कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पद्धति से पेमेण्ट गेटवे के द्वारा शुल्क जमा कर कालेज लागिन के माध्यम से प्रवेशावेदनपत्र पूरित करने हेतु अभ्यर्थियों के लिए सभी आवश्यक निर्देश, प्रवेशावेदनपत्र विश्वविद्यालय की आनलाईन वेबसाइट **www.ssvvonline.in** के **"प्रवेश सत्र 2022–2023"** विकल्प पर उपलब्ध होंगे। अभ्यर्थी महाविद्यालय ऑनलाईन प्रवेशावेदनपत्र भरने से पूर्व दिशा–निर्देशों को भलीभाँति पढ़ ले तथा प्रवेश निदर्शिका में वर्णित नियमों के अनुसार विषय की प्रविष्टियों का चयन करें।

सभी सम्बद्ध महाविद्यालय अपनी प्रवेश–प्रक्रिया दिनांक 24.09.2022 तक पूर्ण करते हुए प्रवेशित छात्रों के आकड़ो को निर्धारित शुल्क रू0 200/– (रू0 दो सौ मात्र) प्रति छात्र की दर से ऑनलाईन पेमेण्ट सिस्टम (पेमेण्ट गेटवे) के द्वारा जमाकर पंजीकरण दिनांक 10.09.2022 से 11.10.2022 तक कर लें।

महाविद्यालय अपने प्रवेशित छात्रों को नियमानुसार ऑनलाईन पंजीकरण करने के बाद प्रवेशावेदनपत्र को मुद्रित कर महाविद्यालय में अपने सन्दर्भ हेतु रखे। सभी कक्षाओं की प्रवेश–सूची को पोर्टल के कालेज–लागिन से निकालकर विश्वविद्यालय के परीक्षानुभाग में दिनांक 15.10.2022 तक जमा/प्रेषित करना अनिवार्य है।

(प्रो0 हरिशंकर पाण्डेय)
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी

छा0क0सं0सा0 – 932 /2022 दिनांक – 06.09.2022
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित –

1– कुलपति के सचिव, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2– समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3– मुख्य प्रतिपालक/विनयाधिकारी।
4– प्रबन्धक निदेशक, यूपीडेस्को को इस आशय से कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार व्यवस्था सम्पन्न कराने का कष्ट करें।
5– आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
6– सिस्टम मैनेजर को कार्यदायी संस्था तथा इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक) एवं महाविद्यालयों/ प्रवेशार्थियों में समन्वय स्थापित करते हुए संगणक केन्द्र द्वारा हेल्प डेस्क के रूप में समस्याओं का निवारणार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7– जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करायें।
8– शाखा प्रबन्धक, इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)सं.सं.वि.वि.,वाराणसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यक्रमानुसार यथा प्रयुक्त पंजीकरण एवं अन्य शुल्क का ऑनलाईन पेमेण्ट सिस्टम (पेमेण्ट गेटवे) के माध्यम से जमा कराने में यथा–प्रयुक्त आवश्यक तकनीकी पर्यवेक्षण करते हुए आवश्यक सहायता करेगें।
9– सम्बद्ध पत्रावली / समस्त सूचना पट्ट।

(प्रो0 हरिशंकर पाण्डेय)
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी